तापमान

अधिकतम 40.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



अप्रैल माह समाप्त होने से पहले ही जून जैसी भीषण.. 11



आईएमए ने की चिकित्सा क्षेत्र के जटिल नियमों... 12





# भिलाई सुपर-30 बैच से 30 स्टूडेंट में से 27 स्टूडेंट JEE में सफलता हासिल किए

**भिलाई।** भिलाई सुपर-30 बैच से 30 स्टूडेंट में 27 स्टूडेंट में JEE-Mains में चयन हुए जिसमें निखिल तिवारी 99.26 % ile भूपेन्द्र 98.93 % ile शैलेष गुप्ता 98.03 % ile इसी तरह रुद्रेश सिंग, आर्यन वर्मा, हर्ष, सिद्धार्थ, दीपक मिश्रा, सृष्टि, संतोषी भोई, यश देवांगन ने 90 % ile से ऊपर लाकर संस्था व पूरे प्रदेश का नाम रौशन किया है। बाकी स्टूडेंट 80 % ile से ऊपर है। इन सभी स्टूडेंट को संस्था की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। छात्र व छात्राएं इसका श्रेय माता-पिता का सहयोग व शिक्षकों का सभी मार्गदर्शन को दिया है। सुपर-30 में सभी 30 स्टूडेंट को निःशुल्क पढ़ाया जाता है जो कि छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। सुपर-30 में जाने की नामांकन की प्रक्रिया चयनित परीक्षा के द्वारा होती है। जो ऑनलाईन व ऑफलाइन के माध्यम से परीक्षा दे सकते हैं। इसकी परीक्षा तिथि 1 मई 2 मई व 3 मई को ऑनलाइन व ऑफलाइन पूरे

भिलाई सुपर-30 के टॉपर छात्र



NIKHIL TIWARI 99.26 % ile | Abhijeet Singh 97.56 % ile | Somesh Kr. Singh 97.41 % ile | Deepak Mishra 95.93 % ile | Aryan Verma 95.01 % ile

प्रदेश व देश के स्टूडेंट दे सकते हैं। चयनित छात्रो को भिलाई शाखा में निःशुल्क पढ़ाया जाएगा। सुपर-30 में 30 छात्र IIT-JEE व 30 छात्र NEET के बच्चों का चयन कर पढ़ाया जाता है। बच्चों को IITIANS व Doctors की टीम द्वारा IIT व NEET की तैयारी पिछले वर्ष से छत्तीसगढ़ में कराया जा रहा है। इसका लाभ लेने के लिए छात्रों को Online व Offline परीक्षा देना पड़ेगा। चयनित छात्र में IIT-JEE व NEET के 30-30 छात्रों को आनंद कुमार के मार्गदर्शन में निःशुल्क पढ़ाया जाएगा। हमारी इस संस्थान में हॉस्टल सुविधा उपलब्ध है। छात्र व छात्रों को समय-समय पर मोटिवेशलन क्लास भी कराई जाती है जिससे छात्रों में कैरियर के बारे में जानकारी दी जाती है। भिलाई सुपर-30 ब्रांच : 58-ए मार्केट सेक्टर-10 में हमारी शाखा संचालित हो रही है। अधिक जानकारी के लिए 7880168887 पर संपर्क कर जानकारी ली जा सकती है।

Advt.


## खबर संक्षेप

### कमरे में मिली युवक की लाश, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम गोड़मर्रा में एक युवक की लाश उसके कमरे में मिली। मृतक के पिता ने थाने में सूचना दी कि जन्मजय सूर्यवंशी पिता किशोर सूर्यवंशी (23) निवासी गोड़मर्रा अपने कमरे में मृत अवस्था में मिला। उसकी मौत 23 अप्रैल की रात से 24 अप्रैल की शाम 4 बजे के मध्य हुई है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### वाहन के ठोकर से एक की मौत, दूसरा घायल

**महासमुंद।** सरायपाली में छोटा हाथी वाहन की ठोकर से एक की मौत हो गई, वहीं एक घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी से छोटा हाथी वाहन क्र- सीजी-06 जीडी-7658 के चालक ने तालाब मंदिर बस्ती सरायपाली के पास वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर भोजराज कठार के मोसा क्र सीजी-06 एच ए-4216 को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घटना में बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई। बाइक के पीछे बैठा प्रकाश यादव घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

### करंट की चपेट में आने से एक की मौत

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम कोसंरगी में करंट लगने से एक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतक शत्रुघन पटेल पिता देवसिंग पटेल (45) ग्राम चुरकी निवासी की हर्ष पींचा के फार्म हाऊस कोसरंगी में काम करते समय करंट लगने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### युवक ने लगाई फांसी

**महासमुंद।** पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम सलिहाभांठा बांदीखार में एक 19 साल के युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नरेंद्र दीवान पिता संतराम दीवान (19) सलिहाभांठा ने बांदीखार में फांसी लगा लिया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना मे लिया है।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** पुलिस ने ग्राम बम्हनी से ग्राम नांदगांव जाने के रास्ते पर आरोपी भोजराम बंजारे पिता देवदास बंजारे (35) निवासी वार्ड 11 बम्हनी के कब्जे से 17100 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 8550 रुपए जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### बसना क्षेत्र में शराब जब्ती के तीन मामले

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत शराब जब्ती के तीन अलग-अलग मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पहले मामले में गढ़पटनी रोड के पास से आरोपी चंद्रदास पिता शंकरदास (30) निवासी वार्ड 6 बसना के कब्जे से 7000 एमएल महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को जब्त किया है। दूसरे मामले में ग्राम बंसुलाडीपा से आरोपी डिग्री सेठ पिता भगवतिया सेठ (42) के कब्जे से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए जब्त किया गया है। इसी तरह तीसरे मामले में ग्राम गढ़पटनी से आरोपी अजहर खान पिता अब्दुल खान (26) के कब्जे से 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए जब्त किया गया।

# कड़ी सुरक्षा के बीच अधिकतम मतदान के लिए रवाना हुए दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- जिले के 1080 मतदान केंद्रों में आज होना है मतदान, जिले के 8 लाख 66 हजार 837 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे

जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 की सभी तैयारियां पूरी होने पश्चात आज जिले के 1080 मतदान केंद्रों में मतदान होगा। इसमें 8 लाख 66 हजार 837 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। गुरुवार देर शाम तक सभी केंद्रों में मतदान दलों के सकुशल पहुंचने की खबर है वहीं सुबह से शुरु हुए सामग्री वितरण के साथ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने दलों को कड़ी सुरक्षा के साथ गंतव्य के लिए रवाना किया। कलेक्टर



प्रभात मलिक एवं जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने गुरुवार की सुबह जिले के विधानसभा क्षेत्र 39-सरायपाली, 40-बसना, 41-खल्लारी एवं 42-महासमुंद के मतदान केंद्रों के मतदान दलों को शुभकामनाओं सहित रवाना किया। उन्होंने मतदान दलों एवं दिव्यांग दल, संगवारी दल और युवा दल के मतदान कर्मियों से मुलाकात कर उन्हें सफलतापूर्वक अपने जिम्मेदारियों के निर्वहन की कामना की। साथ ही लोकतंत्र के इस महापर्व को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर मलिक ने मतदान सामग्री वितरण का सभी स्टालों में जाकर जायजा लिया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू, अपर कलेक्टर रवि साहू सहित वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव आज : प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला

# दोपहर तक चलती रही मतदान दलों की रवानगी, आज डाले जाएंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- जिले के 8 लाख से अधिक मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में लेंगे हिस्सा

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को महासमुंद लोकसभा क्षेत्र सीट के लिए मतदान होना है, जिसके लिए एक दिन पूर्व कृषि उपज मंडी में चुनाव सामग्री का वितरण किया गया। जिले की चार विधानसभा सीट के लिए मतदान दलों द्वारा चुनाव सामग्री के साथ रूट चार्ट के अनुसार वाहनों में सवार होकर मतदान केंद्र के लिए रवाना हुए।

सुबह से ही मंडी में गहमागहमी का माहौल रहा, जिसके चलते मतदान दलों की रवानगी दोपहर बाद भी चलती रहीं। बता दें कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में



तीन जिले महासमुंद, गरियाबंद और धमतरी में कुल आठ विधानसभा महासमुंद, खल्लारी, बसना, सरायपाली, राजिम, बिंद्रानवागढ़, धमतरी और कुरुद हैं। जहां 26 अप्रैल को भाजपा कांग्रेस सहित कुल 17 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करने के लिए लोकसभा क्षेत्र के कुल 17 लाख 62 हजार 477 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। महासमुंद जिले के चारों विधानसभाओं में मतदान केंद्रों की कुल संख्या 1080 है, जिसमें सहायक मतदान केंद्र शामिल है। जिसमें 8 लाख 66 हजार 837 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन चार विधानसभा के लिए नई कृषि उपज मंडी में सुबह 6 बजे से ही मतदान दलों को चुनाव संबंधी सभी सामग्रियों का वितरण किया गया। इसके लिए 16-16 काउंटर बनाए गए हैं। सामग्री वितरण के लिए प्रत्येक विधानसभा में 80-80 कर्मचारी नियुक्त किए गये थे। सर्वप्रथम राजनीतिक दल की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोला गया। बाद मतदान दल के पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी अपने- अपने मतदान केंद्र की सामग्री प्राप्त की और सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतदान केंद्र रवाना हुए।

### 8588 की लगाई गई ड्यूटी, 2216 रिजर्व

लोकसभा चुनाव में मतदान दलों और ईवीएम की सुरक्षा के साथ ही शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए 4 हजार 815 पुलिस के जवान व अधिकारियों के साथ 50 कंपनी केन्द्रीय सुरक्षा बल की तैनात की गई है। महासमुंद लोकसभा के लिए 8588 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है और 2216 कर्मचारियों को रिजर्व मे रखा गया है। चुनाव के लिए 213 सेक्टर आफिसर बनाए गए हैं। मतदान दलों के लिए कृषि उपज मंडी में पानी, कूलर आदि की व्यवस्था की गई थी।

### पर्ची बांटने में पीछे रहीं पार्टियां

घर-घर जाकर प्रचार अभियान तेज बुधवार को चुनाव प्रचार थमने के साथ ही अब घर-घर जाकर प्रचार अभियान तेज हो गया है। इसमें भाजपा समेत सभी अनुषांगिक संगठन के लोग 100 प्रतिशत ताकत झोंक रहे हैं। पर्ची बांटने के मामले में वैसे तो भाजपा और कांग्रेस दोनों राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता कमजोर नजर आ रहे हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने मतदाता पर्ची बंटवाकर राजनीतिक दलों के इस काम को आसान बना दिया है।

# सबसे पहले मतदान उसके बाद कन्यादान करने किया प्रेरित

**मतदान के कुछ घंटे पहले डॉ. पाणिग्राही का नवाचारी कार्यक्रम**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में लोकसभा 2024 के मतदान आज होना है। जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर एवम जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक, स्वीप जिला नोडल अधिकारी एवम सीईओ जिला पंचायत एस. आलोक स्वीप कमेटी के मार्गदर्शन में व्यापक जनजागरूकता कार्य जारी है।

इसी तारतम्य में जिला स्वीप आइकॉन डॉ. विश्वनाथ पाणिग्राही ने मैदानी स्तर पर जागरूकता के साथ साथ अब अपना ध्यान विवाह उत्सव वाले घरों में केंद्रित किया है जिससे बारात जाने के पहले या कन्यादान के पहले मतदान कर फिर बारात जाएं। इस कड़ी में डॉ पाणिग्राही जिले के अछरीडीह (बिरकोनी) पहुंचे जहां साहू परिवार में छबीराम साहू एवं श्रीमती हेमलता साहू की सुपुत्री सौ.का. चिंतामणि (चित्रा) का शुभ विवाह संपन्न होना है। तेंदूकोना निवासी कन्हैया लाल साहू एवं श्रीमती खुश्याम साहू के सुपुत्र नितेश साहू की बारात आयेगी। मतदान के दिन ही याने 26 अप्रैल को बारात आयेगी, शादी एवं बिदाई होगी। डॉ. पाणिग्राही ने छबिराम साहू एवं परिजनों से चर्चा कर पहले मतदान उसके बाद कन्यादान हेतु प्रेरित किया। परिजनों से सहर्ष पहले देश हित में मतदान करने फिर कन्यादान करने की शपथ ली। साहू परिवार बेटी की हल्दी कार्यक्रम की कुछ देर रोककर हमें समय दिया तथा बेटी चिंतामणि भी तेल हल्दी कार्यक्रम से सीधे आकर शामिल हुई और बोली मैं मतदान जरूर करूंगी। पहले मतदान फिर कन्यादान अभियान सार्थक हुआ। इस अवसर पर डॉ पाणिग्राही ने हल्दी पीला चावल युक्त नेवता पत्र दिया। इस दौरान डॉ सुरेश शुक्ला, रेखराज साहू, प्रीतम बंजारे का विशेष योगदान रहा।

## कांग्रेस प्रत्याशी के शपथ पत्र अपूर्ण व त्रुटिपूर्ण होने की शिकायत

**महासमुंद।** लोकसभा महासमुंद 2024 के निर्वाचन में इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी का नाम निर्देशन पत्र के साथ प्रस्तुत शपथ पत्र अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण होने के आधार पर उनका नाम निर्देशन, नामांकन एवं पश्चातवर्ती समस्त कार्यवाही निरस्त किए जाने की मांग जिला निर्वाचन अधिकारी से की गई है। इस संबंध में भाजपा कार्यकर्ता एवं लोकसभा के केंद्रीय कार्यालय प्रभारी दिनेश रुपरेला द्वारा आवेदन सौंपा है। रूपरेला द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी महासमुंद को सौंपे गए आवेदन में कांग्रेस प्रत्याशी के शपथ पत्र की गंभीर त्रुटियों का उल्लेख करते हुए जांच और कार्रवाई के साथ शपथ पत्र अपूर्ण दोषपूर्ण, विरोधाभाषी, असत्य और भ्रामक होने के आधार पर निरस्त किए जाने योग्य होने की बात कही है। तथा संपूर्ण नामांकन/नामांकन पश्चात सम्पूर्ण निर्वाचन कार्य शून्य और निरस्त घोषित किये जाने की मांग की है।

# पलायन किए मजदूरों के नहीं लौटने से मतदान प्रतिशत बढ़ने की संभावना कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तमाम जागरूकता अभियान के बावजूद जिले में शत-प्रतिशत मतदान करने की संभावना नहीं के बराबर है। प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता के नाम पर महज औपचारिकता ही निभाया जा रहा। मतदाता जागरूकता का प्रचार प्रसार भी गांव तक नहीं हो पाया है। जबकि, जिले से हर साल 40 हजार से ज्यादा ग्रामीण मजूदर अन्य प्रांतों में रोजी रोटी की तलाश में चले जाते हैं। इन्हें प्रशासन द्वारा लाने का प्रयास नहीं किया गया और न ही मजदूर मतदान को पेट की चिंता से ज्यादा महत्व दे रहें। ऐसी स्थिति में लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान होने पर अभी से संशय बनी हुई है।



लोकसभा चुनाव के लिए द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल को महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में होने वाला है। प्रशासन जागरूकता अभियान चला कर हर व्यक्ति को वोट डालने की अपील की गई। लेकिन, पेट के लिए क्षेत्र से सैकड़ो गांव से पलायन कर चुके हजारों ग्रामीण वोट डालने नहीं लौटे हैं। जिसके चलते लोकसभा क्षेत्र में शत-प्रतिशत मतदान की संभावना धूमिल हो गई है। विभिन्न सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में आने वाले आठ विधानसभा क्षेत्र तीन जिलों में बंटा हुआ है। जहां हजारों मजदूर रोजगार की तलाश में उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, तमिलनाडू सहित अन्य राज्यों में पलायन हुए हैं। रोजी-रोटी की तलाश में गांव से बाहर गए लोगों को मतदान दिवस पर वापस लाने का कोई प्रयास नहीं किया गया।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर

वैसे तो निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई प्रकार के जागरूकता अभियान चलाया जाता है। विधानसभा चुनाव से नई पहल भी की जा रही है। जिसमें बुजुर्गों व अति दिव्यांगजनों के लिए घर पर वोट देने की सुविधा दी गई है। अधिग्रहित वाहनों के चालक व परिचालक, चिकित्सक स्टॉफ एवं बिजली कर्मचारियों को भी पोस्टल बैलेट प्रदान किया जाएगा।

### वीडियो कॉलिंग कर आने की अपील

जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी एस आलोक ने बताया कि प्रशासन की ओर पंचायत सचिव, सरपंच आदि के माध्यम से वीडियों कॉलिंग कर बाहर गए मजदूरों को मतदान के लिए आने की अपील की गई है। करीब एक हजार से अधिक मजदूरों का आना भी हो चुका है। ऐसी खबर भी है कि मतदान के दिन भी कुछ मजदूरों का आना हो रहा है।

## एक आरोपी जेल दाखिल, शुष्क अवधि के दौरान की गई कार्रवाई

# अवैध शराब विक्रय पर कार्रवाई, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शुष्क अवधि के दौरान अवैध शराब विक्रय के विरुद्ध मुखबिर सूचना के आधार पर आबकारी टीम महासमुंद शहर, आंतरिक, बागबाहरा की संयुक्त आबकारी टीम द्वारा वृत्त महासमुंद शहर अंतर्गत ग्राम लाफिनखुर्द निवासी लुपन निषाद (45) के कब्जे से 51 पाव शोले देशी मदिरा प्लेन, क्षमता 180 मिली लीटर, कुल मात्रा 9.18 बल्क बाजार मूल्य 4590 रुपए से जांच उपरांत शराब को कब्जे में लिया गया। उक्त आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण कायम किया गया।

दूसरे प्रकरण में महासमुंद निवासी मिथुन बेहरा (41) पानी टंकी बस स्टैंड महासमुंद के पास से 25 पाव शोले देशी मदिरा प्लेन, क्षमता 180



मिलीलीटर, कुल मात्रा 4.500 बल्क लीटर, बाजार मूल्य 2250 रुपए बरामद किया गया। जाँच उपरांत शराब को विधिवत कब्जे में लिया गया। उक्त आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(ख) के तहत प्रकरण कायम किया गया। इस तरह कुल 13.68 बल्क लीटर बाजार मूल्य 6840 रुपए की शोले देशी मदिरा प्लेन की जब्ती की गई।

उक्त कार्रवाई आबकारी वृत्त महासमुंद शहर प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में की गई। उक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक विकास बढेंद्र, विकास बढेंद्र, हृदय कुमार तिरपुड़े, मुख्य आरक्षक पी माधव राव, आरक्षक संजय तिवारी तथा आबकारी स्टाफ महासमुंद उपस्थित रहे।

### घर के सामने से स्कूटी की चोरी

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के जी18 न्यू सिविल लाईन कलेक्टर कॉलोनी से अज्ञात चोर ने स्कूटी बाइक की चोरी करने लेने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि महिमा सिंह दुबे पति गौरव कुमार दुबे (37) की स्कूटी क्र- सीजी-07 बीएफ-8583 कीमत 25 हजार रुपए को किसी ने चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने इस मामले मे अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।


## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### कार को ठोकने के बाद गाली-गलौज

रायपुर। पंडरी थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ उनकी कार का एक्सीडेंट करने के बाद गाली-गलौज करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक लोधीपारा निवासी कृष्ण शर्मा ने कार सीजी 04 एचके 0592 के चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कृष्ण ने पुलिस को बताया है कि विधानसभा स्थित राम मनोहर लोहिया मार्ग पर जब वो अपनी कार से जा रहे थे। इसी दौरान उस नंबर के कार चालक ने उनकी कार को पीछे से ठोक दिया। कार को ठोकने के बाद उस कार के चालक ने कृष्ण के साथ गाली-गलौज की।

### शराब पीने पैसा नहीं देने पर मारपीट

रायपुर। तेलीबांधा थाना में एक युवक ने दो अन्य लड़कों के खिलाफ शराब पीने पैसा नहीं देने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक लभांडी निवासी उमेश निषाद ने बलराम यादव तथा एक अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। उमेश ने पुलिस को बताया है कि बलराम तथा उसके साथी धनेश साहू ने उससे शराब पीने पैसों की मांग की। पैसा देने से इनकार करने पर दोनों लड़कों ने उसके साथ मारपीट की।

### गाली-गलौज कर नुकीली वस्तु से हमला

रायपुर। मंदिर हसौद थाना में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ उसके साथ बगैर किसी कारण गाली-गलौज कर नुकीली चीज से हमला कर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक कुरुद निवासी पुष्पेंद्र पटेल ने अभय मिर्चे के खिलाफ गाली-गलौज कर नुकीली चीज से हमला करने कि शिकायत दर्ज कराई है। पुष्पेंद्र ने पुलिस को बताया है कि रास्ते में जाते समय अभय ने उसके साथ गाली-गलौज कर नुकीली चीज से हमला कर चोट पहुंचाई है।

### मजदूरी विवाद पर दो पक्षों में मारपीट

रायपुर। विधानसभा थाना में मजदूरी विवाद पर दो पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक बरौदा निवासी सुरेश विश्वकर्मा ने कृष्णकांत शर्मा तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सुरेश ने पुलिस को बताया है कि वह कृष्णकांत के पास मजदूरी का पैसा मांगने के लिए गया था। इस बात से नाराज होकर कृष्णकांत तथा उसके साथियों ने सुरेश के साथ मारपीट की। कृष्णकांत ने सुरेश तथा उसके साथियों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

### चरित्र शंका पर पत्नी के साथ मारपीट

रायपुर। राखी थाना में एक महिला ने अपने पति तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक राखी निवासी 35 वर्षीय महिला ने अपने पति लीलाधर लिलहरे तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि उसका पति उसके चरित्र को लेकर संदेह करता है, इसके कारण लीलाधर तथा उसके एक अन्य साथी ने महिला के साथ मारपीट की।

### प्रदेश कांग्रेस संयुक्त महामंत्री निष्कासित

रायपुर। लोकसभा चुनाव के बीच एक बार फिर कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश संयुक्त महामंत्री राघवेंद्र सिंह ठाकुर को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेश अनुसार राघवेंद्र सिंह ठाकुर को लोकसभा चुनाव में पार्टी संगठन के खिलाफ काम करने पर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिए निष्कासित किया गया है।


### कांग्रेस प्रवक्ता भिड़े वीडियो वायरल

रायपुर। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के रायपुर रेलवे स्टेशन में संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कांग्रेस के दो प्रवक्ता आपस में भिड़ गए। कैमरे में आने को लेकर प्रदेश संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला और विकास तिवारी के बीच विवाद की स्थिति बताई जाती है, इसका वीडियो वायरल हो रहा है।

मुख्य मुकाबला भाजपा की रूपकुमारी चौधरी व कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू के बीच

# आज मतदान : महासमुंद संसदीय क्षेत्र के 17,62,477 मतदाता तय करेंगे 17 सांसद प्रत्याशियों के भाग्य





हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

छत्तीसगढ़ की हाईप्रोफाइल लोकसभा सीटों में एक सीट महासमुंद लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले कुल 1762477 मतदाता आज 17 सांसद पद के प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। यहां के 866670 पुरुष मतदाता, 895773 महिला मतदाता एवं 34 थर्ड जेंडर के मतदाता सुबह 7 बजे से अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग कर महासमुंद क्षेत्र के लिए सांसद चुनकर भेजेंगे।

महानदी तट पर स्थित महासमुंद संसदीय क्षेत्र की विशेष पहचान अंतरराष्ट्रीय पर्यटक स्थल सिरपुर और गंगरेल बांध से है। इस सीट का चुनावी इतिहास काफी दिलचस्प है। यह वही सीट है जहां से प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी भी सांसद रह चुके हैं। तीन जिले को समेटे हुए महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में धमतरी, गरियाबंद और महासमुंद जिला शामिल है। वैसे तो यहां सांसद बनने कुल 17 प्रत्याशी मैदान पर हैं लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा की रूप कुमारी चौधरी व कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू के बीच है।

जातिगत समीकरण पर अगर गौर करें तो यहां 51 फीसद मतदाता अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं। इनमें साहू, कुर्मी, अघरिया, यादव और कोलता समाज के लोग अधिक हैं। अनुसूचित जनजाति के वोटर लगभग 20 फीसदी हैं। अनुसूचित जाति के वोटर लगभग 11 फीसदी हैं। अनारक्षित वर्ग के लगभग 12 फीसदी मतदाता हैं। यानी महासमुंद लोकसभा अन्य पिछड़ा वर्ग बाहुल क्षेत्र है। यहां ओबीसी समाज के लोग अधिक हैं।यही कारण है कि इस सीट पर बीजेपी ने एक ओबीसी वर्ग की महिला रूपकुमारी चौधरी को मैदान में उतारा है। वहीं कांग्रेस पार्टी ने ओबीसी वर्ग से ही छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री और दिग्गज नेता ताम्रध्वज साहू को अपना प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में इस सीट पर दो ओबीसी प्रत्याशियों के बीच जबरदस्त टक्कर है।

### दोनों ओबीसी प्रत्याशियों के बीच है जबरदस्त टक्कर




#### चुनावी वादों से लेकर वोटों के ध्रुवीकरण पर रहा जोर

भाजपा के लिए 10 साल के कार्यकाल , मोदी की गारंटी व प्रदेश में भाजपा सरकार के तीन महीने के कार्यकाल और कांग्रेस शासनकाल की गड़बड़ियां ही बड़ा मुद्दा है जबकि कांग्रेस मोदी सरकार द्वारा संविधान बदलने, आरक्षण खत्म करने तथा भाजपा सरकार की योजनाओं की खामियां गिना वोट बंटोरने की कोशिश की है। वहीं कांग्रेस को साहू वोटों पर भरोसा है। 15 साल से यहां साहू समाज के ही सांसद चुने गए हैं। इस बार भाजपा ने रूपकुमारी चौधरी को टिकट दिया है। कांग्रेस साहू वोटों के ध्रुवीकरण पर जोर दे रही है। वहीं भाजपा मोदी के चेहरे और केंद्र के 10 साल के कार्यकाल के भरोसे मैदान में हैं।

#### कांग्रेस-भाजपा में दिख रही बराबरी की टक्कर

महासमुंद लोकसभा सीट पर साल 1952 से अब तक कुल 19 चुनाव हुए हैं, जिसमें 12 बार कांग्रेस, 4 बार भाजपा व एक बार बीएल्डी का कब्जा रहा है। वर्तमान में इस संसदीय क्षेत्र के आठ विधानसभा क्षेत्रों में से चार विधानसभा क्षेत्र सरायपाली, खल्लारी, धमतरी और बिन्द्रानवागढ़ पर कांग्रेस का कब्जा है। वहीं चार विधानसभा क्षेत्र में महासमुंद, बसना, राजिम और कुरूद पर बीजेपी का कब्जा है। इस दृष्टिकोण से यहां अभी कांग्रेस-भाजपा दोनों में बराबरी की टक्कर देखी जा रही है जो कि आज पड़ने वाले मतदान के बाद तय होगा कि किसका पलड़ा भारी पड़ेगा।

## रवाना होने से पूर्व मतदान कर्मियों की स्वास्थ्य जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले के 753 मतदान केन्द्रों में मतदान कराने के लिए स्थानीय भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज रूद्री से मतदान सामग्री प्राप्त कर मतदान दल रवाना हो गये। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश पर मतदान कर्मियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सामग्री वितरण केन्द्र में स्वास्थ्य परीक्षण, पेयजल, वाहन नियंत्रण और कर्मचारी सहायता केन्द्र स्थापित की गई। गर्मी के मौसम को देखते हुए मतदान दल सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारियों को पेयजल की कोई दिक्कत नहीं हुई। वहीं रवाना होने से पूर्व कुछ अधिकारी, कर्मचारियों ने अपना स्वास्थ्य जांच भी कराया। इसी तरह मतदान केन्द्र क्रमांक, काउंटर सहित अन्य उपयोगी जानकारी लेने के लिए सहायता केन्द्र बनाया गया, जहां सभी तरह की जानकारी मतदान दलों को तत्काल मुहैया कराई गई। वाहन नियंत्रण कक्ष में मतदान दलों के लिए निर्धारित वाहन, रूट आदि की जानकारी दी गई।

## हनुमान का जन्म महोत्सव धूमधाम से मना



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बजरंग अखाड़ा में विराजित प्रज्ञेश्वर संकटमोचन हनुमान का जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

राजेंद्र नाग व्यवस्थापक हनुमान मंदिर बैगापारा दानीटोला ने बताया कि आयोजन में वार्ड की मातृशक्तियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। सभी ने आत्म कल्याण, विश्व कल्याण के लिये आहुति डाली।

## सहायक बांधों पर आश्रित हुआ गंगरेल बांध

### परियोजना के बांधों में 14 फीसदी उपयोगी पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बारिश के मौसम को अभी दो माह है। गांवों में निस्तारी के लिए तालाब में पानी भरने के बाद परियोजना के बांधों में महज 14 फीसदी पानी शेष है। गंगरेल बांध अब पानी के लिए तरस रहा है। इस बांध में पानी की आपूर्ति माड़मसिल्ली तथा दुधावा से की जा रही है।

बुधवार की स्थिति में गंगरेल बांध में उपयोगी पानी 4.111 टीएमसी था। विगत 3 सप्ताह से निस्तारी के लिए पानी छोड़ा जा रहा है। अब तक गांवों के 350 तालाब भरे गए हैं। अब महानदी मुख्य नहर की वितरक शाखाओं में पानी सप्लाई बंद कर दी गई है। रूद्री से धमतरी शहर के लिए पहुंचने वाली वितरक नाली का पानी बंद हो गया है। इससे हरफतरई से बठेना, रत्नाबांधा, मुजगहन की ओर जाने वाली नहर में पानी सप्लाई बंद है। बांध से 3062 क्यूसेक पानी मुख्य नहर में निस्तारी एवं निगम को पेयजल के लिए छोड़ा जा रहा है।

#### सोंढूर से दुधावा, दुधावा से गंगरेल लाया जा रहा है पानी




बीते वर्षा काल में कम बारिश के कारण माड़मसिल्ली बांध आधा ही भर पाया था। गंगरेल बांध में पानी की आवश्यकता को देखते हुए माड़मसिल्ली बांध का पानी गंगरेल पहुंचाया गया। माड़मसिल्ली में अब महज 0.700 टीएमसी पानी शेष रह गया है। इसके बाद सोंढूर बांध का पानी दुधावा पहुंचाया जा रहा है। अब सोंढूर बांध में 1.815 टीएमसी पानी बचा है। दुधावा बांध का पानी गंगरेल लाया जा रहा है। दुधावा में 1.655 टीएमसी पानी है। गंगरेल में पानी की आवक और निस्तारी पानी देने से 4.111 टीएमसी पानी मौजूद है। सोंढूर से 894 क्यूसेक पानी दुधावा तथा दुधावा से 730 क्यूसेक पानी गंगरेल पहुंच रहा है। अधिकारियों के अनुसार सहायक बांधों से 5 टीएमसी पानी गंगरेल लाया जा रहा है।

## ब्राम्हण महिला मंच ने किया मठा का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के विभिन्न मंदिरों में हनुमान जयंती पूरी आस्था के साथ मनाई गई। जगह-जगह प्रसादी वितरण करने भण्डारे का भी आयोजन किया गया। इसी क्रम में कचहरी चौक के समीप स्थित हनुमान गढ़ी में ब्राम्हण महिला मंच के तत्वाधान में गर्मी से राहत देने की पहल करते हुए मठा का वितरण किया गया।

इस अवसर पर महिला मंच की जिलाध्यक्ष बरखा शर्मा, संयोजक प्रभा मिश्रा, एनी मिश्रा, आयुषी पाण्डेय, मीनाक्षी मिश्रा, सीमा चौबे, सरिता मिश्रा, गौरी मिश्रा, सपना पाण्डेय, झंकार शर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## जिले में 10 हजार परिवार में गायत्री महायज्ञ का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



- गायत्री परिवार का गृहे-गृहे यज्ञ अभियान

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा विश्व कल्याण के साथ अनीति एवं अत्याचार निवारण, लोगों में आपसी प्रेम, सद्भावना बढ़ाने एवं खुशहाल जीवन के लिए प्रतिवर्ष बुद्ध जयंती पर गृहे -गृहे यज्ञ अभियान का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी जिले के धमतरी, कुरुद, मगरलोड, नगरी एवं भखारा ब्लाक में 10 हजार परिवारों में गायत्री यज्ञ कराने का लक्ष्य रखा गया है।

जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि सन 2018 से संचालित इस अभियान के अंतर्गत अभी तक जिले के 45 हजार से अधिक परिवारों में यज्ञ कराया जा चुका है। यह अभियान अभी माताजी के जन्म शताब्दी समारोह 2026 तक जारी रहेगा। जिले के 10 हजार परिवारों में यज्ञ कराना है।

प्रत्येक ब्लाक के लिए दो दो हजार एवं प्रत्येक इकाई के लिए दो दो सौ परिवार का लक्ष्य रखा गया है। शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा तैयार की गई जिले के 500 परिजनों की टोलियां अपने सहयोगियों के साथ घर घर पहुंच कर यज्ञ संपन्न करायेंगी।

## ज्ञान अमृत स्कूल का रिजल्ट घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ज्ञान अमृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 6वीं में प्रथम पूर्वा नाग, द्वितीय दिव्या रिगरी, तृतीय डिम्पी सपहा रहे। कक्षा 7वीं में प्रथम अष्ठी देवांगन, द्वितीय पलक साहू, तृतीय चांदनी पटेल रहे। कक्षा 8वीं में प्रथम चंचल पटेल, द्वितीय नोमिता निर्मलकर, तृतीय नैनसी ढीमर रहे। कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम 66.66 प्रतिशत एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 9वीं में प्रथम दीक्षा जगताप, द्वितीय काजल पटेल , तृतीय अनुशा यादव एवं कक्षा 11वीं में प्रथम कुशाल साहू, द्वितीय भूमिका जैन मीनाक्षी निषाद तृतीय रहे।

इस अवसर पर प्राचार्य विनोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि मेहनत करने वाले कभी असफल नहीं होते। आगे भी ज्यादा मेहनत कर अपने रिजल्ट में सुधार करने का प्रयास करें। उपप्राचार्य जगदीश सोनी ने कहा कि जो छात्र किसी कारणवश असफल हो गए हैं। उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। आने वाले समय में और अधिक परिश्रम करके सफलता अर्जित की जा सकती है। मौके पर अफजल रिजवी, राजेन्द्र साहू, अभिलाषा चौहान, कोशलेश्वरी दुबे, नेहा पदमवार, संतोषी वर्मा, लक्ष्मी देवांगन, भावना कहार उपस्थित थे।

## 51 लाख राम नाम जमा करने के लक्ष्य के साथ खुला हनुमंत बैंक

- शिव चौक के ब्रम्ह चबूतरा स्थित पंचमुखी हनुमंत धाम के बच्चों की पहल
- लक्ष्य पूरा होने के बाद अयोध्या जाकर राम नाम अर्पित करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्थानीय शिव चौक के ब्रम्ह चबूतरा स्थित पंचमुखी हनुमंत धाम हनुमान मंदिर में बाल हनुमान समिति के बच्चों ने राम नाम जमा करने हनुमंत बैंक खोला है। हनुमान चालीसा का पाठ करते 23 अप्रैल को एक वर्ष होने के अवसर पर यह पहल की गई है। वर्ष 2025 के हनुमान जन्मोत्सव तक वर्ष भर में 51 लाख राम नाम जमा करने का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य पूरा होने के बाद समिति के सदस्य अयोध्या के प्रभु श्री राम के मंदिर में पहुंचकर 51 लाख राम नाम अर्पित करेंगे।

हनुमंत बैंक में रुपये, पैसे या दान जमा नहीं होंगे। यहां केवल राम नाम जमा लिया जाएगा। बाल हनुमान समिति की सबसे कम आयु के सदस्य अन्वी मिश्रा ढाई वर्ष, अनन्या यादव तीन वर्ष, चंचल यादव, अहान बख्तानी दोनों चार वर्ष ने फीता काटकर बैंक का शुभारंभ किया। छोटे बच्चों ने पेपर में अपनी क्षमता के अनुसार राम का नाम लिखकर जमा किया।

बैंक सप्ताह में दो दिन मंगलवार एवं शनिवार को शाम छह से आठ बजे तक राम नाम जमा करने के लिए खुला रहेगा। ये दो दिन बाल हनुमान समिति के सदस्य पंचमुखी हनुमत धाम में एकत्रित होकर 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं।



### 101 राम नाम के साथ कोई भी खाता खुलवा सकता है

बाल हनुमान समिति के संजू नागवानी एवं मयंक यादव ने बताया कि किसी भी आयु का कोई भी व्यक्ति 101 बार राम राम नाम सादे कागज पर लिखकर बैंक में अपना खाता खुलवा सकता है। समिति द्वारा राम नाम लिखने हेतु प्रारूप भी बनवाया गया है, जिसका वितरण आसपास के मोहल्लों में किया गया। हनुमंत बैंक में पैसा, दान या कोई भी चीज नहीं ली जाती, केवल राम नाम जमा होता है। खाता खुलवाने के बाद 101 राम नाम से लेकर अधिकतम अपने सामर्थ्य के अनुसार राम नाम लिखकर तय दो दिन में समय पर पहुंचकर राम नाम जमा करवा सकते हैं।

## निगम प्रशासन ने की इस वर्ष पौने दस करोड़ की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम प्रशासन ने इस वर्ष वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व 31 मार्च तक 1120.39 करोड़ की मांग के एवज में रिकार्ड 985.42 करोड़ की ऐतिहासिक वसूली की है। निगम आयुक्त विनय कुमार के निर्देश व उपायुक्त प्रवीण सार्वा के मार्गदर्शन में निगम कर्मचारियों ने मुस्तैदी से वसूली कर एक रिकार्ड बनाया है। वसूली की प्रतिशत इस बार 87.95 प्रतिशत रहा है। बाकी 12 प्रतिशत की वसूली चालू माह में पूरी कर ली जाएगी। उपायुक्त श्री सार्वा ने बताया कि निकाय कर संग्रहण की स्थिति में इस वर्ष संपत्ति कर 268.28 करोड़, समेकित कर 150.87 करोड़, जल कर 189 करोड़, दुकानों का किराया 80.49 करोड़, दुकानों की बिक्री, प्रीमियम भवन 202.39 करोड़, विज्ञापन होर्डिंग्स से आय 19.94 करोड़, पार्किंग, पशु पंजीयन, प्रदर्शनी कर 2.71 करोड़, यूजर चार्ज 35.50 करोड़, ब्याज से आय 1.78 करोड़ सहित अन्य कर 169.09 करोड़ रूपये कुल मांग 1120.39 करोड़ था, जिसके एवज में 87.95 प्रतिशत 985.42 करोड़ रूपये की रिकार्ड वसूली हुई है। बाकी 12 प्रतिशत की वसूली के लिए निगम कर्मचारी मुस्तैदी से जुटे हुए हैं। संभवतः अप्रैल में वसूली कम्पलीट हो जाएगी। इसके अलावा आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए लक्ष्य तैयार किए जा रहा है।




श्री सार्वा ने बताया कि वसूली के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए इस वर्ष निगम कमिश्नर द्वारा सख्त हिदायत दी गई थी कि वसूली में कोताही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वेतन रोकने की कार्रवाई के साथ डोर टू डोर वसूली करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा टैक्स नहीं पटाने वाले उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन काटे गए। दुकानों का किराया नहीं देने वाले लोगों की दुकानों में सील लगाने की कार्रवाई की गई। निगम कर्मचारियों ने छुट्टी के दिन भी स्पॉट में जाकर वसूली की। टैक्स पेयी उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए ऑनलाइन पेमेंट करने की सुविधाएं दी गई। हर हाल में लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए थे।

गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति का माह चूंकि चुनावी वर्ष था इसलिए वसूली अभियान में सख्ती नहीं बरती गई इसलिए लक्ष्य की प्राप्ति नहीं सकी और 12 प्रतिशत वसूली बकाया रह गया। आचार संहिता के कारण बड़े बकायादारों ने समय का फायदा उठाया और टैक्स जमा नहीं किए। अब बकाया और चालू मांग को मिलाकर लक्ष्य बनाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

महासमुंद। ग्राम पंचायत बेलसोंडा की सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर, अपने सचिव नेहा उपाध्याय, पंच प्रकाश साहू, महिला पंच हेमा साहू, ईशा धीवर, सरस्वती साहू, मालती यादव, निप्पी यादव, टिकेश यादव, झुनिया यादव, समर्थक लक्ष्मी चंद्राकर, शत्रुघ्न साहू, प्रेमलाल चंद्राकर, तुकेश साहू, झम्मन धीवर, सालिक चंद्राकर तथा कुटु देवांगन को साथ लेकर लगातार तीन दिनों से मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

### छोटा हाथी की ठोकर से बाइक सवार की मौत

महासमुंद। बस्ती सरायपाली तालाब मंदिर के पास विपरित दिशा से आ रही वाहन की ठोकर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि, एक का इलाज चल रहा है। पुलिस द्वारा जांच के बाद छोटा हाथी चालक के खिलाफ 279,337,304 ए के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक भोजराज कठार अपने साथी प्रकाश यादव के साथ 19 अप्रैल की रात अपने मोटर सायकल होण्डा क्रमांक सीजी 06 एचए 4216 से खम्हारपाली से वापस घर कसडोल जाते समय बस्ती सरायपाली तालाब मंदिर के पास विपरित दिशा कुटेला की ओर से आ रही छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 06 जीडी 7658 की चपेट में आने से भोजराज कठार गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मोटर सायकल के पीछे बैठे व्यक्ति प्रकाश यादव को गंभीर चोट लगने से जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

### मतदान ड्यूटी में जा रहे स्वास्थ्य कर्मी की सड़क हादसे में मौत

महासमुंद। मतदान ड्यूटी के लिए बागबाहरा से महासमुंद आ रहे एक स्वास्थ्य कर्मी की सड़क हादसे में मौत हो गई। दरअसल, एनएच 353 में दारगांव के पास स्थित पंप से बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए मोड़ने के दौरान पीछे से तेज रफ्तार से आ रही दूसरे बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 धीरेन्द्र कुमार बरिहा (40 वर्ष) अपनी बाइक से गुरुवार की सुबह चुनाव ड्यूटी के लिए महासमुंद आ रहा था। पेट्रोल डलवाने के लिए जैसे शुभम पंप के पास दूसरी साइड जाने के लिए मुड़ा, वैसे ही पीछे से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। आरोपी बाइक चालक टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया। वहीं, धीरेंद्र बरिहा को सिर में गंभीर चोंट लगने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत मामला दर्ज किया है।

### अग्निवीर में चयनित ओंकार का हुआ सम्मान

धमतरी। ग्राम लोहरसी की कपिश्वर धाम समिति के सदस्य ओंकार साहू पिता राजेश साहू का अग्निवीर में चयन हुआ है। प्रशिक्षण में जाने के पूर्व कपिश्वर धाम समिति ने हनुमान जन्मोत्सव पर प्रतीक चिन्ह, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। बाजे- गाजे के साथ जवान को प्रशिक्षण के लिए विदा किया। इस अवसर पर नीलकंठ, आशीष, चंद्रहास, घनश्याम, दीपक, देवेंद्र समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### बेलौदी स्कूल का परीक्षाफल घोषित

मगरलोड। शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बेलौदी में कक्षा नवमी और ग्यारहवीं का परीक्षाफल घोषित किया गया। शाला के प्राचार्य, वासुदेव ठाकुर, अशोक पटेल ने परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र- छात्राओं का मुंह मीठा कराकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अनुत्तीर्ण छात्र- छात्राओं को पुनः मेहनत करने पर बल दिया। परीक्षा प्रभारी जितेन्द्र साहू ने परीक्षाफल घोषित किया।

# अप्रैल माह समाप्त होने से पहले ही जून जैसी भीषण गर्मी का एहसास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरायपाली

गर्मी के दस्तक देते ही गरीबों के लिए देसी फ्रिज यानी मिट्टी के घड़े और सुराही आदि की मांग बढ़नी शुरू हो जाती है। देसी फ्रिज खरीदने के लिए प्रतिदिन लोगों की भीड़ लग रही है। इस बार मटके पर भी महंगाई का असर देखने को मिला। मटके के बढ़े दाम का असर इस बार गरीबों के जेब पर भी पड़ रहा है। हालांकि, महंगाई के बारे में थोड़ी देर सोचने के बाद नागरिक अपने बजट के अनुसार छोटे साइज़ की घड़े खरीद कर अपने घर ले जा रहे हैं।



गर्मी की तपिश के बीच घड़ों की बढ़ी मांग, खूब हो रही बिक्री

इन दोनों 40 डिग्री सेल्सियस तक पारा पहुंच चुका है। ऐसी गर्मी की तपिश से गला तर करने के लिए लोग मिट्टी के घड़े और सुराही आदि की खरीदारी करने में लगे हैं। फिलहाल फ्रिज अथवा कूलर की बिक्री में बढ़ोतरी हो या न हो, लेकिन मिट्टी से बने इन बर्तनों की बिक्री में अच्छी खासी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। यही वजह है कि इन दिनों बाजारों में मिट्टी के घड़े आदि बिकते नजर आ रहे हैं। गर्मी का मौसम आते ही आम आदमी को गर्मी से निजात पानी के लिए तमाम वस्तु की आवश्यकता महसूस होने लगी है। हालांकि, अभी विगत कुछ दिनों से मौसम में हो रहे परिवर्तन के चलते गर्मी की तपिश भी कम ज्यादा हो रही है। फिर भी लोगों ने गर्मी के लिए सभी व्यवस्थाएं बनाना शुरू कर दिया। एक ओर गरीब तबके का व्यक्ति गले को तर करने के लिए घड़े की खरीदारी कर रहा है। तो वहीं कुछ लोग गर्मी के दिनो में फ्रिज का पानी पीने की बजाए मटके के पानी से गला तर करना ज्यादा पसंद करते हैं। घड़े में एक तो मिट्टी का सोंधापन होता है। दूसरे उसके पानी की तासीर अलग ही होती है। मटके का पानी गला भी खराब नहीं करता। मटकों और सुराही की कीमत सामान्य और छोटे मटके कम कीमत में तो टोंटी नल लगे मटकों व सुराही की कीमत ज्यादा रहती है।

## शासकीय प्राथमिक शाला भटगांव में आयोजित समर कैंप में दिखाई प्रतिभा

# बच्चों ने सीखा प्रतिदिन की दिनचर्या पर डायरी लेखन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

शासकीय प्राथमिक शाला भटगांव में दस दिवसीय सिखाना सिखाना केन्द्र (समर कैंप) का आयोजन हुआ। समर कैंप में सर्कल टाइम, भाषा एवं गणित की दुनिया व रचनात्मक कार्य के चार सत्र हुए।



विद्यालय में दर्ज 95 बच्चों ने इस कैंप का लाभ उठाया। अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन पिछले 10-12 साल से शिक्षकों के स्वैच्छिक प्रयास से संयुक्त आयोजन कर खेल-खेल में सीखने सिखाने के अवसर उपलब्ध कराते रहता है। विद्यालय के पांच शिक्षक और एक सामुदायिक शिक्षक सक्रिय रूप से जुड़े रहे। सर्कल टाइम में प्रतिदिन बाल गीत गाया। भाषा की दुनिया में समूह कार्य करना होता था। 8 समूह में प्रदर्शन के लिए सभी उत्सुक थे। घर-घर के कपड़े और अपनी टिफिन लेकर आते थे ।

प्रतिदिन एक कहानी हावभाव के साथ सुनाई जाती थी जिसे ग्रुप के बच्चे रोल प्ले करके दिखाते थे। इस दौरान शेर और खरगोश पूरे समर समर कैंप के सबसे हिट कहानी और बच्चों की लोकप्रिय कहानी भी रही। गर्मी के अवकाश के लिए असाइमेन्ट में सभी बच्चे घर में एचआर दिन डायरी लेखन करेंगे। रचनात्मक कार्य अंतर्गत बच्चों की डायरी सक्रिय रूप से लिखने और पढ़ने के लिए उपयोग की गई।

प्रतिदिन सर्वाधिक लाइक किए जा रहे नाटक में से सर्वाधिक लोकप्रिय नाटक शेर और खरगोश ही रहे। बाल गीत का प्रदर्शन बाल गीत पहाड़ी पे पेड़ था। रिपोर्टर के तौर पर छात्र रामकुमार ने बनाए गए अखबार को प्रस्तुत किया । उसने एक अंश को शिक्षक व पालकों के समक्ष पेश किया। एक बच्चे डायरी निर्माण से लेकर आज तक किस तरीके से काम करते थे, उसके बारे में विस्तार से बताया गया। धागा, पेड़ की पत्तियों से चित्रकारी बनाई गई। साक्षात्कार की गतिविधि इंट्रेस्टिंग अंदाज में की गई। 8 लीडर, 1 शिक्षिका शैल ने सर्वाधिक दिन उपस्थिति दर्ज कराई थी, इसलिए उन्हें शामिल किया गया। इन सभी से पांच सवाल पूछे गये । सबने बेबाक रियल आंसर दिया। बाल अखबार सोन चिरई कक्षा चार के बच्चों ने नाम निर्धारित किया। अब प्रतिमाह नए सत्र से बच्चे तैयार करेंगे। इसमें शिक्षक सहमत हैं। पालकों ने बच्चों के काम को देखा। मंच संचालन राम कुमार और प्राची ने किया। इस आयोजन में अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन से नरेन्द्र कुमार का सहयोग रहा। शिक्षिका शैल ने बताया कि यह समर कैंप बच्चों के लिए लाभकारी था। प्रधानपाठक हेमसिंह ने सभी तरह के स्टेशनरी उपलब्ध कराये। नरेन्द्र जाधव, शिवेंद्र एवं प्रीति ने इसे आने वाले सत्र के लिए बहुत उपयोगी बताया। सामुदायिक शिक्षक पावित्री की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही ।

# लोकसभा चुनाव के पूर्व पुलिस व सीआरपीएफ ने निकाला फ्लैग मार्च

## चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए मतदान दिवस के पूर्व पुलिस व सीआरपीएफ ने फ्लैग मार्च निकाला।

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन में समस्त अनुभाग के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित सीआरपीएफ द्वारा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाए रखने पेट्रोलिंग व फ्लैग मार्च किया गया। बाहर से आए सीआरपीएफ एवं अन्य सुरक्षा बलों ने धमतरी शहर, कुरूद, नगरी में पैदल फ्लैग मार्च किया। एसपी ने फ्लैग मार्च के दौरान अड्डेबाजी करने वालों, क्षेत्र के गुण्डा-बदमाशों, चाकूबाजों पर कड़ी कार्रवाई करने निर्देशित किया। गुरूवार को धमतरी में निकाला गया फ्लैग मार्च पुलिस लाइन रूद्री से शुरू होकर सदर बाजार होते हुए रत्नाबांधा पहुंचा। आदतन अपराधी व असामाजिक तत्वों को चिन्हांकित कर प्रभावी कार्रवाई करने एवं उनकी गतिविधियों पर नजर रखने निर्देशित किया गया है। चुनाव के दौरान सुरक्षा बलों को चप्पे-चप्पे पर पैनी नजर रखने हिदायत दी गई है।






पेट्रोलिंग एवं फ्लैग मार्च में एएसपी सुशील नायक व अभिषेक सिंह, असिस्टेंट कमांडेट सीआरपीएफ आशुतोष अवस्थी, डीएसपी नेहा पवार, यातायात डीएसपी एमएस चंद्रा, नगरी एसडीओपी आरके मिश्रा, भावेश साव, प्रशिक्षु डीएसपी विकेश्वरी पिन्दे, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा, कोतवाली प्रभारी शरद ताम्रकार, अर्जुनी प्रभारी राजेश मरई, कुरूद प्रभारी अरूण साहू, नगरी टीआई टूमन डडसेना, एसआई चंद्रकांत साहू, केआर साहू सहित अन्य थाना प्रभारी, सीआरपीएफ के अधिकारी व जवान शामिल थे।

# बाल हनुमान की जीवंत झांकी ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पुरी

ग्राम छाती के बाजार चौक में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम मानव कल्याण स्वर्गधाम सेवा समिति एवं श्रीराम जानकी मंदिर समिति छाती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। 1111 दीपों से आरती की गई। शाम 7 बजे हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। बाल हनुमान की जीवंत झांकी भी बनाई गई थी। पंडवानी के साथ भिलाई की जस झांकी ने दर्शकों का मन मोह लिया। भक्तों में महाप्रसादी का वितरण किया गया। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने दी है।





# हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ हवन-पूजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिर्री

ग्राम खर्रा में श्रीराम हिंदू परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हनुमान जन्मोत्सव एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस श्रृंगार एवं अखंड रामायण का पाठ ग्रामवासियों द्वारा किया गया। द्वितीय दिवस सोमवार को डीजे की धुन पर भव्य शोभायात्रा श्रीराम हिंदू परिवार द्वारा निकाली गई। श्रीराम भक्त डीजे की धुन में जमकर झूमते नजर आए। हनुमान जन्मोत्सव पर हवन पूजन, शस्त्र पूजन सहित पूजा आरती पश्चात महाप्रसादी वितरण किया गया। पूजनकर्ता ग्राम नारी के पंडित दानेश्वर प्रसाद शर्मा रहे। श्रीराम हिंदू परिवार द्वारा अतिथियों का श्रीफल और गमछा भेंटकर सम्मान किया गया। रात्रिकालीन कार्यक्रम के तहत भारत दर्शन जस झांकी एवं रामधुनी मंडली वृंदावन चौक भिंभौरी बेमेतरा की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम का आनंद लेने सैकड़ों दर्शक पहुंचे और भक्ति में झूमते नजर आए।



# बच्चों को दिया आयुष सुपोषण मोदक



कुरूद। कुरुद ब्लाक के आंगनबाड़ी केंद्र कातलबोड़ के कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने जिला आयुर्वेद अधिकारी धमतरी के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय कातलबोड़ के डॉ खिलेश कुमार साहू व अधीनस्थ कर्मचारियों की उपस्थिति में आयुर्वेद औषधियों से भरपूर सुपोषण मोदक का वितरण किया गया। इससे पहले बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बताया कि मोदक लड्डू खिलाने के एक सप्ताह बाद पुनः स्वास्थ्य परीक्षण कर सुपोषण स्तर की जांच की जायेगी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133



खबर संक्षेप



## सकुशल मतदान केंद्र पहुंचने पर दलों का किया गया स्वागत

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकसभा संसदीय क्षेत्र 9 महासमुंद के लिए मतदान की नियत तिथि 26 अप्रैल है। जिसकी तैयारी के लिए मतदान दल अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रों में विधानसभावार रूट चार्ट अनुसार अधिग्रहित वाहनों के माध्यम से सकुशल पहुंच गए हैं। मतदान दल के पहुंचने पर वहां के स्थानीय कर्मियों ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। सभी वाहनों में जीपीएस लगाया गया है। जिससे माध्यम से वाहनों का लगातार लोकेशन ट्रेस किया गया तथा सुरक्षा की जांच की गई।

ध्यानाकर्षण : चिकित्सा सेवा को और बेहतर बनाने की मांग व सुझाव

# आईएमए ने की चिकित्सा क्षेत्र के जटिल नियमों में संशोधन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जिला

### पदाधिकारियों ने लोकसभा उम्मीदवारों को सौंपा ज्ञापन, मांगों से कराया अवगत भी

पदाधिकारियों ने बुधवार को देशभर के 543 लोकसभा क्षेत्रों के संभावित सांसदों अपनी मांगों से अवगत कराया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी, कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इंडियन मेडिकल एसोशियन महासमुन्द ब्रांच के अध्यक्ष डॉ. एचबी कालीकोटी, उपाध्यक्ष डॉ. हरजोत सिंग गुरुदत्ता, सचिव डॉ. स्मित चोपडा व इंडियन मेडिकल एसोशियन महासमुन्द के सदस्य डॉ. ज्योति कालीकोटी वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ व डॉ एमवाय मेमन सिनियर फिजिशियन एवं पेट्रन मेम्बर



आईएमए ने नीतिगत सुझाव देते हुए ज्ञापन में चिकित्सा क्षेत्र में आवश्यक संशोधन, नियमों में बदलाव, चिकित्सा सेवा को और बेहतर बनाने की मांग की है। इन्होने कहा है कि आईएमए डॉक्टरों के साथ और अस्पतालों में होने वाली हिंसा के खिलाफ मजबूत केंद्रीय कानून की मांग के साथ अस्पताल एवं स्वास्थ देखभाल संस्थानों को हिंसा मुक्त सुरक्षित क्षेत्र घोषित करने की बात रखी। मांगों और सुझावों के संदर्भ में एसोसिएशन के सदस्यों ने सौंपे गए पत्र में 12 बिंदुओं की जानकारी दी है जिसके अनुसार डॉक्टरों और अस्पतालों में हिंसा के खिलाफ मजबूत केंद्रीय कानून, मरीजों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए विभिन्न पद्धतियों के मिश्रण को रोकने, 50 बिस्तरों तक के छोटे और मध्यम अस्पतालों और क्लिनिकों को क्लिनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट अधिनियम में छूट देने, स्वास्थ्य सेवाओं में जीएसटी नही लगाने, मेडिकल प्रोफेशन को भारतीय न्याय संहिता में चिकित्सा सेवा प्रदाता को आपराधिक अभियोजन से बाहर रखने, डॉक्टरों को उपभोक्ता फोरम एक्ट से मुक्त रखने पीसी/पीएनडीटी एक्ट में उचित बदलाव, भारतीय एमबीबीएस उत्तीर्ण स्नातकों के एग्जाम नहीं लेने और इसे वापस लेने, मेडिकल स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों की बांड सेवाएं बंद करने, संविदा एवं कॉन्ट्रैक्ट नियुक्ति के चलन को बंद करने, पदों की व्यवस्था करने, निर्माण और नियुक्ति करने, पीएम जन आरोग्य योजना में डीबीटी के साथ ट्रस्ट मॉडल लागू किए जाने, नया हेल्थ केयर इन्फास्ट्रक्चर निर्माण के लिए इंटरेस्ट सब्सिडी के साथ दीर्घ कालिक ऋण उपलब्ध कराते हुए नए अस्पताल के लिए अनुदान प्रदान करने तथा नए अस्पताल परियोजना के लिए आयकर छूट दिए जाने की मांग और सुझाव शामिल हैं।

## युवा सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



**महासमुंद।** जिले में 15 वर्षो से सामाजिक कार्य के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाले युवा सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश शुक्ला को डॉ. की उपाधि से नवाजा गया।

सुरेश बीते 15 वर्षो में जिले में 600 युवाओं को कम्प्यूटर व आजीविका के अन्य विषयों में प्रशिक्षित कर चुके हैं। 600 महिलाओं को सिलाई तथा आजीविका के विभिन्न विषयों में प्रशिक्षण, समूचे जिले में 50000 से अधिक गरीब परिवारों के महिलाओं को महिला समिति के माध्यम से जोड़कर एक डिजिटल प्लेट फ़ार्म में लाकर उनके लेन देन को सरलीकरण करने में विशेष योगदान रहा है। जिले के 25 गाँवों में किसानों का संगठन तैयार कर जैविक कृषि की ओर प्रोत्साहित किया गया तथा बाल कल्याण के क्षेत्र में पूरे देश में अब तक चाइल्ड हेल्प लाइन के माध्यम से 738 बच्चों का बचाव व पुनरुत्थान किया गया। महासमुंद जिला जेल में 200 बंदियों को आजीविका के विषय में प्रशिक्षण देकर मुख्य धारा से जोड़े जाने के लिए प्रयास किया गया। डॉक्टर सुरेश शुक्ला की इस बड़ी उपलब्धि के लिए इष्ट मित्र, ग्राम व जिले के स्वैच्छिक संगठन के पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है।




### मतदान जरूर करें...



**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी के निवासियों ने लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा करते हुए गांव के सभी लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

## छात्रों को कृषि के क्षेत्र में कॅरियर की अपार संभावनाओं पर दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



केंद्रीय विद्यालय में तरूणोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। जिसमें 10वीं के छात्रों के लिए करियर गाइडेंस के अंतर्गत कृषि विज्ञान के क्षेत्र के कैरियर की संभावना पर कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक कुणाल चंद्राकर ने कृषि की महत्ता एवं आवश्यकता पर व्याख्यान दिए। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता की पूजन अर्चन से हुआ। तत्पश्चात केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षक की ओर से कुणाल चंद्राकर वैज्ञानिक का स्वागत किया गया। चंद्राकर ने कृषि एवं पर्यावरण पर अपने विचार रखते हुए कृषि के क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। कैरियर गाईडेस से संबंधित आवश्यक टिप्स दिए। साथ ही वारुणिष एवं प्रिया साहू के ग्लोबल वार्मिंग से संबंधित प्रश्नों का बखूबी जवाब देते हुए छात्रों के जिज्ञासा को शांत किया। उन्होंने कहा कि 10वीं के बाद विषय चयन करते समय बहुत ध्यान देना चाहिए कि इसके द्वारा ही कैरियर का निर्माण होता है। विद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल ने कुणाल चंद्राकर को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में एसके सिंह, रोहिता, प्रधान, वंदिनी जौहरी, कांता एक्का, जीके निर्मलकर, अंबरीश शुक्ला, तुलसी राम चंद्राकर, दशरथ राम यादव, विवेक तथा समस्त स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन तरूणोत्सव प्रभारी शिक्षक जितेन्द्र कुमार चंद्राकर तथा आभार व्यक्त शिक्षक नील माधव ने किया।

# जिले के 540 मतदान केंद्रों पर की जा रही लाइव वेबकास्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा निर्वाचन- 2024 को लेकर

### कलेक्टोरेट सभाकक्ष के नियंत्रण कक्ष से रखी जा रही सतत नजर

महासमुंद ज़लि की चारों विधानसभा क्षेत्र महासमुंद-42, खल्लारी-41, बसना-40 व सरायपाली-39 में मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए इस बार जिले में 540 मतदान केंद्रों पर लाइव वेबकास्टिंग की जा रही है।

वेबकास्टिंग की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नियंत्रण कक्ष से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। नोडल अधिकारी पंकज मिश्रा कार्यपालन अभियंता हाउसिंग बोर्ड के मार्गदर्शन में नियंत्रण कक्ष में सतत नज़र रखे हुए है। उनके साथ 3-3 कर्मचारी, माइक्रो ऑब्जर्वर, तकनीकी व आईटी कुल 40 कर्मचारी मौजूद हैं। कैमरे बूथ उन स्थानों पर चिन्हित किए गए हैं। जहां नेटवर्किंग की व्यवस्था है। लाइव प्रसारण की जिम्मेदारी आईटी विभाग कर रहा है। इन बूथों पर तीन स्तर पर निगरानी की व्यवस्था हो रही है। विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी और रायपुर में राज्य निर्वाचन आयोग इन बूथों पर मतदान प्रक्रिया को लाइव देख रहे है। सहायक नोडल अधिकारी अंबिलकर ने बताया कि चारों विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न मतदान केंद्रों की कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी के लिए व्यवस्थाएं की गई है।

## झालखम्हरिया सोसाइटी में मनाया हनुमान जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्रामीण सेवा सहकारी समिति झालखम्हरिया में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम भगवान की आरती के साथ प्रार्थना, शांति पाठ, धर्म जयकारे लगाए और 56 भोग के साथ प्रसाद बांटा गया। इस दौरान समिति प्रबंधक भोजराज साहू, सदस्यगण, ऑपरेटर सहित किसान बंधुगण उपस्थित रहे।

## प्रेक्षक अग्रवाल ने मतदान सामग्री वितरण का लिया जायजा

**महासमुंद।** कृषि उपज मंडी पिटियाझर परिसर में मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरित कर मतदान दलों को अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रूट चार्ट अनुसार रवाना किया गया। सामान्य प्रेक्षक अनिल कुमार अग्रवाल ने यहां पहुंचकर मतदान दलों एवं दिव्यांग दल, संगवारी दल और युवा दल के मतदान कर्मियों से मुलाकात कर उन्हें सफलतापूर्वक अपने जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दी। सामान्य प्रेक्षक अग्रवाल ने मतदान दलों को लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल और मजबूत बनाने पूरी जानकारी और नियमानुसार दायित्वों का निर्वहन करने कहा। उन्होंने मतदान सामग्री वितरण का सभी स्टालों में जाकर जायजा भी लिया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक साथ थे। कलेक्टर मलिक ने बताया कि पहला दल सुबह 09:30 बजे रवाना कर दिया गया था। वहीं आज शाम तक सभी दल सुरक्षित पहुंच गए हैं। सभी मतदान कर्मियों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। इसके अलावा छाया, पेयजल, कूलर, चिकित्सा सहायता केंद्र, पुलिस सहायता केंद्र भी बनाया गया है। प्रत्येक विधानसभा में 16-16 काउंटर के माध्यम से सामग्री का वितरण किया जा रहा है।

